वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट, असम में हिन्दी सप्ताह-2020 का आयोजन

वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग हेतु उत्साहवर्धक वातावरण बनाने और कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए दिनांक 12-18 सितम्बर, 2020 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया। संस्थान में 14 सितम्बर, 2020 को हिन्दी दिवस मनाने के साथ-साथ हिन्दी-सप्ताह-2020 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट के निदेशक डॉ. आर.एस.सी. जयराज द्वारा किया गया। हिन्दी सप्ताह समारोह के उद्धाटन सत्र में श्री शंकर शॉ, कनिष्ठ अनुवादक ने राजभाषा हिन्दी की विकास यात्रा पर चर्चा करते हुए " राजभाषा हिन्दीःनीति कार्यान्वयन " विषय पर एक डाक्यूमेंट्री दिखाई गई। इसके पश्चात, संस्थान के निदेशक महोदय ने अपने संबोधन को मातृभाषा विषय पर केंद्रित होकर विस्तृत व्याख्यान दिया, जो संस्थान के सभी कार्मिकों एवं शोध-अध्येताओं के लिए ज्ञानवर्धक रहा। उद्घाटन समारोह के दूसरे सत्र में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता की।

कोरोना प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए पूरा सप्ताह हिन्दी श्रुतलेख, आशुभाषण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता क्रमशः दिनांक 15,16,17 को आयोजित किया गया, जिसमें संस्थान के कार्मिकों सहित शोध-अध्येताओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

आज दिनांक 18 सितम्बर, 2020 को हिन्दी सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह अपराह्न 3.00 बजे विस्तार प्रभाग के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश रावत, कमांडेंट, असम राइफल्स, जोरहाट की उपस्थिति शोभनीय रही। संस्थान के निदेशक महोदय ने पारंपरिक गामोछा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया। स्वागत के पश्चात, कविता-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के कार्मिकों सहित शोध-अध्येताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कविता-पाठ समाप्त होने के पश्चात, श्री

आर.के. कलिता, वैज्ञानिक-एफ ने पूरे सप्ताह आयोजित हुए कार्यक्रम का संक्षिप्त चर्चा किया। संस्थान की हिन्दी-असमिया द्विभाषी ई-पत्रिका 'वर्षारण्यम' अंक-3 का मुख्य अतिथि राजेश रावत सहित संस्थान के निदेशक महोदय एवं अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने लोकार्पण किया। निदेशक डॉ. आर.एस.सी. जयराज, भा.वा.से. और मुख्य अतिथि राजेश रावत जी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कृत किया। श्री राजेश रावत जी ने हिन्दी भाषा के लेखन पर बल देते हुए कहा कि हमें देवनागरी लिपि में लिखने का प्रयास करते रहना चाहिए, भले हमें अंग्रेजी शब्द का हिन्दी न मालूम हो। उन्होने भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के प्रचार-प्रसार के लिए हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाये जाने का अनुरोध किया। डॉ. मनीष कुमार सिंह, वैज्ञानिक-डी द्वारा हिन्दी सप्तहा को सफल बनाने और कार्यक्रम में अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले के साथ-साथ सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन श्री शंकर शॉ, कनिष्ठ अनुवादक ने किया।

व:व:अ:सं: में हिन्दी सप्ताह-2020 का आयोजन 2020

Inaugural Session उद्धाटन सत्र

Essay Writing Competition निबंध प्रतियोगिता

व:व:अ:सं: में हिन्दी सप्ताह-2020 का आयोजन | 2020

आशुभाषण प्रतियोगिता Extempore Speech Competition

व:व:अ:सं: में हिन्दी सप्ताह-2020 का आयोजन 2020

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता Quiz Competition

Seminar Presentation on Bamboo Charcoal Production

Valedictory Session समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह

व:व:अ:सं: में हिन्दी सप्ताह-2020 का आयोजन 2020

Poem Recitation Competition कविता-पाठ प्रतियोगिता

व:व:अ:सं: में हिन्दी सप्ताह-2020 का आयोजन 2020

हिन्दी-असमिया द्विभाषी ई-पत्रिका 'वर्षारण्यम' अंक-3 का लोकार्पण

व:व:अ:सं: में हिन्दी सप्ताह-2020 का आयोजन 2020

व:व:अ:सं: में हिन्दी सप्ताह-2020 का आयोजन | 2020

जोरहाट के वर्षा वन अनुसंधान संस्थान ने किया हिंदी सप्ताह का आयोजन

जोरहाट : जोरहाट के वर्षा वन अनुसंधान संस्थान में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए गत 12 सितंबर से 18 सितंबर तक हिंदी सप्ताह-2020 का आयोजन किया गया। संस्थान में 14 सितंबर को हिंदी दिवस के साथ-साथ हिंदी सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट के निदेशक द्वारा किया गया। निदेशक ने उद्घाटन समारोह में मातृभाषा पर एक विस्तृत व्याख्यान दिया, जो संस्थान के सभी कार्मिकों एवं शोध छात्रों के लिए प्रेरणादायी रहा। कोरोना प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए पूरे सप्ताह निबंध प्रतियोगिता हिंदी ऋतुलेख प्रतियोगिता, आशु भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं कविता पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता की। हिंदी सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आज अपराह्न तीन बजे से आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश रावत, कमांडेंट, असम रायफल्स जोरहाट की उपस्थिति शोभनीय रही। संस्थान के निदेशक स्वागत भाषण द्वारा मुख्य अतिथि राजेश रावत का स्वागत किया। आरके कलिता, वैज्ञानिक एफ ने पूरे सप्ताह आयोजित हुए कार्यक्रम का संक्षिप्त चर्चा की। संस्थान की द्विभाषी पत्रिका वर्षारण्यम अंक-3 का मुख्य अतिथि राजेश रावत ने विमोचन किया। संस्थान के निदेशक डॉ. आरएससी जयराज, भावासे और मुख्य अतिथि राजेश रावत ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। अंत में अतिथि राजेश रावत ने हिंदी भाषा के लेखन पर बल देते हुए कहा कि हमें देवनागरी लिपि में लिखने की कोशिश करनी चाहिए, भले ही हमें हिंदी के जानकारी कम हो। उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के प्रचार-प्रसार के लिए हिंदी के प्रयोग को बढ़ये जाने का अनुरोध किया। उन्होंने भाषा, संस्कृति के संवर्धन हेतु उसके विश्व प्रचार पर बल दिया। (प्रहरी डेस्क)

Purvanchal Prahari 19-09-2020